# राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर
## कोर्स रिपोर्ट
## ''साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर''
Date 04-01-2022 to 06-01-2022 Course No. 33, Under CCPWC Project

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार मिनिस्ट्री ऑफ हॉम अफेयर्स द्वारा प्रायोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत ''साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर'' विषय पर दिनांक 04-01-2022 से 06-01-2022 तक 3 दिवसीय कोर्स आयोजित किया गया।

मुझ कोर्स निदेशक यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए तथा सहायक कोर्स निदेशक श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा कोर्स का सफल आयोजन करवाया गया। इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 24 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 5 पुलिस निरीक्षक तथा 19 उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी शामिल हुए।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री रेवन्त दान, सहायक निदेशक (इण्डोर), राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा किया गया। श्रीमान द्वारा उदबोधन में साइबर क्राइम के बढते अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्व सभी प्रतिभागियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही ऑनलाईन प्री कोर्स मूल्यांकन परीक्षा ली गयी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आरंभ श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा कम्पयूटर हार्डवेयर व अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के बारे में विस्तार जानकारी से, किया गया। इसी दिन श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा इन्टरनेट एवं मोबाईल टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गयी। बाद दोपहर श्री प्रमेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, जयपुर आयुक्तालय द्वारा साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी विशेष तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध हो रहे साइबर अपराधों से किस तरह निपटा जाए की जानकारी प्रदान की गयी।

प्रशिक्षण के दूसरे दिवस प्रथम सत्र में श्रीमती कविता शर्मा, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा Relevant Sections of IT Act and IPC provisions की जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में श्री सोनू सिंह, साइबर प्रशिक्षक द्वारा सोशल मीडिया जैसे वॉटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के बारे में जानकारी प्रदान कर उनको उपयोग में लेकर हैण्डसऑन भी करवाया गया करवाया गया। अंतिम सत्र में श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा सेम्यूलेशन एक्सरसाईज करवायी गयी। सम्पूर्ण कोर्स में प्रतिभागियों को Hands on excerise भी करवाई गई।

अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में श्री शेखर सिंह, इन्वेस्टीगेटर बैंकिग फ्रॉड द्वारा ऑनलाईन कैशलेस ट्रॉजेक्सन के बारे मे जानकारी प्रदान कर डेबिट व क्रेडिट कार्ड, ई-वॉलेट, भीम एप, पेटीएम व एटीएम आदि के बारे में हैण्डसऑन सैशन की जानाकारी दी गयी। बाद दोपहर के सत्र में मुझ कोर्स निदेशक द्वारा साइबर क्राइम एफआईआर व रिपोर्ट में शामिल किये जाने वाले महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गयी साथ ही थानों में साइबर क्राइम एफआईआर के अनुसंधान हेतु पुलिस एप्स जैसे सीसीटीएनएस, राजकॉप, आईसीजेएस आदि के साथ-साथ थानों में आवश्यक साइबर क्राइम अनुसंधान टूल्स के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।, अन्तिम सत्र में मुझ कोर्स निदेशक द्वारा पीड़ितों की काउंसलिंग व एडवाइजरी के संबंध में बताया गया, साथ ही कुछ उल्लेखनीय साइबर क्राईम केसेज के अनुसंधान का अध्ययन । सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाईन मोडयूल तथा कोर्स कंटेंट भी उपलब्ध करवाये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस दिनांक 06-01-2022 को प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया जाकर प्रशिक्षणोपरान्त सभी की पोस्ट प्रशिक्षण मूल्यांकन परीक्षा भी ली गयी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षणोपरान्त एक पेन ड्राईव में प्रशिक्षण के दौरान पढाया गया तथा एमएचए द्वारा उपल्बध करवाया गया प्रशिक्षण अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवायी गयी। कोर्स का समापन-समारोह अकादमी स्थित, सीसीपीडब्ल्यूसी लैब में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक एवं अतिरिक्त निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी रहे। श्रीमान द्वारा समापन उद्बोधन व प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व ग्रुप फोटो प्रदान किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में मन कोर्स निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि व कोर्स के संचालन में सहभागियों एवं सम्पूर्ण प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

भवदीय,

(यतीन्द्र कुमार)
पुलिस निरीक्षक एवं
कोर्स निदेशक,(CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर

''साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर'' अन्तर्गत सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम

दिनांक 04-01-2022 से 06-01-2022, कोर्स नम्बर - 33

## List of participant that are eligible for advance course

| SrNo | Name | Rank | District | Pre Course Marks | Post Course Marks | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh. Vinod Kumar Jakhar | Inspector | Jaipur West | 18 | 17 | Decrease |
| 2 | Sh. Dharm Singh | Inspector | Rajasthan | 6 | 13 | Increase |
| 3 | Sh. Dinesh Chand | Inspector | Karauli | 13 | 15 | Increase |
| 4 | Sh. Mukesh Kumar | Inspector | Bundi | 12 | 16 | Increase |
| 5 | Smt. Brijbala Singh | Inspector | Sawai Madhopur | 10 | 15 | Increase |
| 6 | Sh. Anil Kumar | SI | Jaipur East | 13 | 18 | Increase |
| 7 | Smt. Sonam Agrawal | SI | Jaipur North | 17 | 18 | Increase |
| 8 | Sh. punamchand | SI | Banswara | 12 | 10 | Decrease |
| 9 | Sh. Ranjeet Singh | SI | Jhunjhunu | 16 | 17 | Increase |
| 10 | Smt. Prakash Devi | SI | Hanumangarh | 13 | 16 | Increase |
| 11 | Smt. Geeta Devi | SI | Pali | 15 | 14 | Decrease |
| 12 | Smt. Preeti Ratnu | SI | Ajmer | 14 | 16 | Increase |
| 13 | Sh. Udai Lal | SI | Rajsamand | 11 | 9 | Decrease |
| 14 | Sh. Vinod Kumar Meena | SI | Bhilwara | 14 | 17 | Increase |
| 15 | Sh. Om Prakash Maan | SI | Sri Ganganagar | 14 | 16 | Increase |
| 16 | Sh. Durga Shanker Gautam | SI | Kota City | 11 | 16 | Increase |
| 17 | Sh. Rupa Ram | SI | Bikaner | 15 | 16 | Increase |
| 18 | Sh. Shyam Singh | SI | Barmer | 9 | 13 | Increase |
| 19 | Sh. Raju Udaiwal | SI | Jhalawar | 11 | 17 | Increase |
| 20 | Sh. Sunil Kumar Godara | SI | Jaipur South | 11 | 17 | Increase |
| 21 | Smt. Mausam Yadav | SI .. | Rajasthan | 14 | 17 | Increase |
| 22 | Sh. Prabhati Lal | SI | Chittorgarh | 10 | 10 | Equal |
| 23 | Smt. Kiran Godara | SI | Jodhpur West | 11 | 16 | Increase |
| 24 | Sh. Anil Kumar | SI | Dausa | 10 | 13 | Increase |

(यतीन्द्र कुमार)
पुलिस निरीक्षक एवं
कोर्स निदेशक,(CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर